कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

झारखण्ड सरकार

वन भवन – 1, हजारीबाग 825301 (झारखण्ड)

Ph. & Fax (O) - 06546 -222393, Cell No. : 8987790202 E-mail: cf-hazaribagh@gov.in

पत्रांक 13-E-5-12/2019:– 3685   दिनांक :– 23.12.2019

सेवा में,

वन प्रमंडल पदाधिकारी,
हजारीबाग पश्चिमी वन प्रमंडल।

विषय :– **एन0टी0पी0सी पकरीबरवाडीह कोल खनन उत्तरी पश्चिमी परियोजना हेतु 331.198 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– **आपका पत्रांक 6979 दिनांक 14.12.2019**

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र द्वारा एन0टी0पी0सी पकरीबरवाडीह कोल खनन उत्तरी पश्चिमी परियोजना हेतु 331.198 हे0 वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव समर्पित किया गया है। इस संबंध में सूचित करना है कि प्रस्ताव के अंवलोकनोंपरांत निम्न बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करें।

1. प्रस्ताव में सन्निहित भूमि विवरणी प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, केरेडारी द्वारा ग्राम बेलतु के खाता सं0 190 के प्लॉट सं0 84P एवं 62P को जंगल पहाड़ तथा प्लॉट सं0 58P एवं 87 को जंगल–झाड़ी प्रतिवेदित किया गया है, जबकि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित भूमि विवरणी में उक्त प्लॉटों को जंगल बतलाया गया है। इसी प्रकार ग्राम कण्डाबेर के खाता सं0 110 के प्लॉट संख्या 559 के 1.96 एकड़ रकवा को गैर मजरूआ खास प्रतिवेदित किया गया है जबकि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा समर्पित भूमि विवरणी में उक्त प्लॉट को जंगल बताया गया है।
2. प्रस्ताव में अंचल अधिकारी, बडकागांव द्वारा ग्राम उरूब के खाता सं0 49 के प्लॉट संख्या 635P, 661, 666, 677P एवं 689P को जंगल भूमि के रूप में प्रतिवेदित किया गया है जबकि प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा समर्पित भूमि विवरणी में उक्त प्लॉटों को जंगल झाड़ी बतलाया गया है।
3. प्रस्ताव के फार्म–A (पार्ट–I) के कंडिका B1 में Details of proposal seeking prior approval of Central Government under the Act for diversion of forest land for the Project already submitted in the past में प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा NIL अंकित किया गया है, जबकि प्रस्ताव में अंनुलग्नक के रूप में पूर्व में भारत सरकार से स्टेज–I/स्टेज–II प्राप्त तीन प्रस्तावों की सूची लगाई गई है।

अतः प्रासंगिक पत्र द्वारा प्राप्त प्रस्ताव को ऑनलाईन एवं प्रस्ताव की मूल सात प्रति इस पत्र के साथ संलग्न कर वापस करते हुए अनुरोध है कि उपरोक्त बिन्दुओं को स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव समर्पित करना सुनिश्चित करें।

अनुलग्नक–यथोक्त।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर) 23.12.2019

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, हजारीबाग

(हस्ताक्षर) 23.12